हमारी गणना करें 2020

गणना में शक्ती है

ASIAN AMERICANS ADVANCING JUSTICE

COUNTUSIN2020.ORG

# जनगणना गोपनीयता

***प्रश्न? अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में सहायता के लिए हमारी जनगणना हॉटलाइन को 844-2020-API पर कॉल करें। अधिक जानकारी के लिए www.CountUsIn2020.org/hotlineपर जाएं।***

यह जनगणना यू.एस. में रहनेवाले सभी लोगों की गणना करती है।

- जनगणना इस बात को प्रभावित करती है कि आपके क्षेत्र में स्कूल, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए कितनी धन राशीप्राप्त की जा सकती है - आपके समुदाय में जितने अधिक लोगों की गणना होती है, उतना ही अधिक धन राशी आपके समुदाय को प्राप्त होगी।
- **आप इस जनगणना में भाग ले कर, यह सुनिश्चित कर सकते है कि आपके परिवार और समुदाय को धन राशी , सेवाएं और राजनीतिक प्रतिनिधित्व का उचित हिस्सा मिले!**

इस जनगणना में आपके घर में रहने वाले हर सदस्य के बारे में मूलसवाल, जैसे उम्र, नाम, जाति और जातीयता पूछे जाते है। 2020 **की जनगणना में अप्रवासन या नागरिकता के बारे में कोई प्रश्न नहीं पूछा जायेगा।**

आपकी जनगणना **के उत्तर** पूरी तरह से गोपनीय हैं।

- ❖ अत्यंत मजबूत कानून आपकी जनगणना के दौरान दिए गए उत्तरों के गोपनीयता की रक्षा करते हैं।
- ❖ जनगणना ब्यूरो को आपकी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ भी साझा करने की अनुमति नहीं है चाहे वे आईसीइ, पुलिस, या कोई अन्य सरकारी एजेंसी क्यों न हो।
- ❖ जनगणना ब्यूरो केवल जनसंख्या के बारे में सामान्य जानकारी इकट्ठा करने के लिए आपकेजवाबों का उपयोग कर सकता है, जैसे आपके शहर में कितने लोग रहते हैं, और उम्र, लिंग और नस्ल के बारे में आंकड़े इकठ्ठा कर सकता है। जनगणना ब्यूरो आपकी व्यक्ति के रूप में दुसरो से जानकारी साझा नहीं कर सकता।

कानून की आवश्यकता के अनुसार सभी को जनगणना में पूछे गए प्रशनो का पूरी तरह से और सच्चाई से जवाब देना जरुरी है। जनगणना मे प्रश्नों का जवाब देने मे झूठ मत बोलो। अगर आप एक या दो प्रश्न छोड़ते हैं, तब भी आपके फॉर्म को गिना जायेगा बशर्ते आप अपना नाम और पता बताते हैं। यदि आप प्रश्नों को छोड़ देते हैं या जनगणना का उत्तर बिल्कुल नहीं देते हैं, तो जनगणना ब्यूरो द्वारा आपको फोन करके या अपने घर पर जनगणना ब्यूरो कार्यकर्ता को भेजकर छोड़ी हुई जानकारी के बारे में पूछ सकता है। जितने कम सवाल आप छोड़ते हैं, कम संभावना है कि जनगणना ब्यूरो आपसे पूछताछ करेगा।

*आप जनगणना के बारे में अधिक जानकारी इस पर पा सकते हैं: www.CountUsIn2020.org/resources*